राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन– 0141–2552796

क्रमांकः प.1(50)RSSB / संस्था / प्रतिनियुक्ति / 2018 / 1782 दिनांकः 31/08/18

–:: विज्ञप्ति ::–

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के स्वीकृत अस्थाई पदों में रिक्त चल रहे पदों को प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरने हेतु कार्मिक विभाग की स्वीकृति पत्र क्रमांक प.8(22)कार्मिक / क–2 / 2008 पार्ट दिनांक 19.04.2018 द्वारा प्राप्त होने से रिक्त पदों पर राजकीय विभागों में सेवारत कर्मचारी जो प्रतिनुियक्ति पर अपनी सेवाऐं बोर्ड में पद स्वीकृति दिनांक 28.02.2019 अथवा नियमित पदस्थापन जो भी पहले हो तक देने के इच्छुक हैं से निम्नलिखित पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है :–

क्र.सं.	पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या
1.	निजी सहायक (स्टेनो)	05
2.	लिपिक ग्रेड–I	01
3.	लिपिक ग्रेड–II	10
4.	सहायक कर्मचारी	10

बोर्ड में रिक्त उक्त पदों के विरूद्ध जो भी कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर आने के इच्छुक हों, वे अपना आवेदन संबंधित विभागाध्यक्ष के माध्यम से / विभागाध्यक्ष की सक्षम एन.ओ.सी सहित सीधे ही दिनांक **07.09.2018** तक बोर्ड कार्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चत करें।

अन्य विभागों से आने वाले सेवारत कर्मचारियों के संबंध में निम्न प्रावधान लागू होंगेः–

1. अन्य राजकीय विभागों से आने वाले कार्मिकों की प्रतिनियुक्ति के संबंध में प्रतिनियुक्ति भत्ता, विशेष भत्ता एवं अन्य सुविधाऐं बोर्ड में पदस्थापन के पश्चात् अनुज्ञेय नहीं होंगे।
2. प्रतिनियुक्ति पर आने वाले कार्मिक को कम्प्यूटर पर कार्य करने का अनुभव होना आवश्यक है।
3. प्रतिनियुक्ति अवधि को बढ़ाया जावे अथवा नहीं यह निर्णय बोर्ड पर निर्भर करेगा।

(डॉ.मुकुट बी.जांगिड़)
सचिव